# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2026

वर्ष 02 | अंक 91 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# बंगाल में गरजे मोदी

## ताबड़तोड़ सभाओं से साधा सियासी निशाना

### कार्यकर्ताओं में भरा जोश, तृणमूल कांग्रेस पर तीखा प्रहार

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच आज प्रधानमंत्री Narendra Modi का बहुप्रतीक्षित दौरा संपन्न हो गया, जिसमें उन्होंने राज्य के तीन अहम क्षेत्रों में विशाल जनसभाओं को संबोधित कर भारतीय जनता पार्टी के चुनावी अभियान को नई दिशा देने का प्रयास किया। पूरे दिन चले इस सघन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने हल्दिया, आसनसोल और सूरी में सभाएं कर न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया, बल्कि विरोधी दलों, विशेष रूप से All India Trinamool Congress पर तीखा प्रहार भी किया।

सुबह पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया नगर से अपने अभियान की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में विकास की रफ्तार थम गई है और जनता अब परिवर्तन चाहती है। यह क्षेत्र नेता प्रतिपक्ष Suvendu Adhikari का मजबूत क्षेत्र माना जाता है, ऐसे में यहां से पार्टी ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए स्पष्ट राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की।

इसके बाद पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल में स्थित पोलो मैदान में आयोजित दूसरी सभा में प्रधानमंत्री का स्वर और अधिक आक्रामक दिखाई दिया। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हुए रोजगार, निवेश और विकास जैसे मुद्दों पर राज्य सरकार को घेरा और आश्वासन दिया कि यदि भारतीय जनता पार्टी की



सरकार बनती है तो उद्योगों को नई गति दी जाएगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे।

दिन की तीसरी और अंतिम सभा बीरभूम जिले के सूरी में आयोजित हुई, जिसे राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह क्षेत्र लंबे समय से All India Trinamool Congress का गढ़ रहा है।

# "वंदे मातरम पर सियासत"

## देशभक्ति नारे से तय होगी या नीयत से?

### एक तरफ नारे को राष्ट्रभक्ति का पैमाना बनाने की जिद, दूसरी तरफ धर्म के नाम पर दूरी-आखिर देश किस रास्ते पर जा रहा है?

**देश में एक बार फिर वही पुराना लेकिन भड़काऊ सवाल हवा में है- "वंदे मातरम बोलोगे या नहीं?" और इसके साथ ही एक और खतरनाक लाइन जुड़ जाती है-"अगर नहीं बोलते तो पाकिस्तान चले जाओ।" यहीं से असली राजनीति शुरू होती है। क्या अब भारत में देशभक्ति का प्रमाणपत्र किसी नारे से मिलेगा? क्या संविधान से ऊपर अब "स्लोगन टेस्ट" लागू हो गया है? अगर हाँ, तो कल को कौन सा नया नारा लाकर नागरिकता की परीक्षा ली जाएगी? सच यह है कि "वंदे मातरम" और "भारत माता की जय" इस देश के गौरवशाली इतिहास से जुड़े नारे हैं। आजादी की लड़ाई में इनकी गूंज ने अंग्रेजों की नींद उड़ाई थी। लेकिन आज इन्हीं नारों को लेकर अपने ही लोगों के बीच दीवार खड़ी की जा रही है। एक पक्ष खुलकर कहता है-"नहीं बोलोगे तो इस देश में रहने का हक नहीं।"**

दूसरा पक्ष धर्म का हवाला देकर इन नारों से दूरी बनाता है। दोनों ही तरफ सवाल उठते हैं। जो लोग हर मंच से देशभक्ति के नारे लगाते हैं, क्या उनकी देशभक्ति पर कभी सवाल नहीं उठना चाहिए? क्या भ्रष्टाचार, अपराध या समाज को बांटने वाली राजनीति करने के बाद भी सिर्फ "वंदे मातरम" बोल देने से सब पाप धुल जाते हैं? और जो लोग इन नारों से दूरी बनाते हैं, क्या उन्हें यह नहीं समझना चाहिए कि यह देश केवल एक धर्म का नहीं, बल्कि साझा विरासत का प्रतीक है? क्या कोई ऐसा रास्ता नहीं निकल सकता, जहां आस्था भी बनी रहे और राष्ट्र के प्रति सम्मान भी साफ दिखाई दे? कटाक्ष यही है-देशभक्ति आज एक "शोर" बन चुकी है। जिसकी आवाज ऊंची, वही बड़ा देशभक्त! लेकिन सच्चाई इससे बिल्कुल उलट है।

### देश नारे से नहीं चलता...

देश चलता है उस किसान से जो खेत में पसीना बहा रहा है, उस जवान से जो सीमा पर जान दांव पर लगा रहा है, और उस आम नागरिक से जो ईमानदारी से अपना फर्ज निभा रहा है। "पाकिस्तान चले जाओ" कहना आसान है, लेकिन यह भूल जाना खतरनाक है कि भारत किसी एक सोच, एक धर्म या एक नारे की जागीर नहीं है। यह देश संविधान से चलता है, और संविधान हर नागरिक को अपनी बात कहने, मानने और जीने का अधिकार देता है।

### अंतिम बात

अगर देशभक्ति को सच में मजबूत बनाना है, तो उसे नारों की भीड़ से निकालकर जिम्मेदारी और सम्मान के दायरे में लाना होगा। वरना वह दिन दूर नहीं जब लोग देश के लिए कम और एक-दूसरे के खिलाफ ज्यादा खड़े नजर आएंगे- और तब "वंदे मातरम" भी सिर्फ एक नारा रह जाएगा, भावना नहीं।

# 24 घंटे में टूटे सीजफायर के 3 नियम, क्या जारी रहेगा ईरान-इजरायल युद्ध?

**अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुआ सीजफायर समझौता महज 24 घंटे के अंदर ही संकट में घिरता नजर आ रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि यह समझौता अब टूटने की कगार पर पहुंच गया है। ईरान ने खुलकर आरोप लगाया है कि सीजफायर डील की अहम नियमों का उल्लंघन किया गया है, जिससे पूरे समझौते की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं।**

### ईरान के अमेरिका पर गंभीर आरोप

इस प्रस्तावित समझौते के तहत स्थायी शांति के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बातचीत शुरू होनी थी, लेकिन उससे पहले ही स्थिति बिगड़ती दिखाई दे रही है। ईरान की नाराजगी केवल इजरायल तक सीमित



नहीं है, बल्कि उसने अमेरिका पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालीबाफ ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जब समझौते की 10 प्रमुख शर्तों में से तीन का उल्लंघन हो चुका है, तो न तो सीजफायर का कोई अर्थ रह जाता है और न ही आगे की बातचीत का।

### ईरान के अनुसार टूटी ये तीन शर्तें

लेबनान में सीजफायर का उल्लंघनईरान का पहला आरोप यह है कि 10-प्वाइंट प्रस्ताव की सबसे जरूरी शर्त लेबनान में तत्काल युद्धविराम का पालन नहीं किया गया। इस शर्त को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी स्पष्ट रूप से रेखांकित किया था। इसमें कहा गया था कि हर जगह तुरंत सीजफायर लागू होगा, जिसमें लेबनान और अन्य क्षेत्र शामिल हैं। लेकिन इसके उलट, इजरायल द्वारा लेबनान में अब तक की सबसे बड़ी बमबारी शुरू कर दी गई, जिससे यह शर्त पूरी तरह विफल हो गई। ईरानी हवाई क्षेत्र का उल्लंघनदूसरी बड़ी शिकायत ईरान के हवाई क्षेत्र में घुसपैठ को लेकर है। ईरान के अनुसार, एक संदिग्ध ड्रोन ने फार्स प्रांत के लार शहर में उसके हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया, जिसे बाद में मार गिराया गया। यह घटना उस शर्त का सीधा उल्लंघन है जिसमें ईरान की संप्रभुता और हवाई सीमा का सम्मान करने की बात कही गई थी। यूरेनियम संवर्धन के अधिकार पर विवादतीसरा और सबसे संवेदनशील मुद्दा ईरान के यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) के अधिकार से जुड़ा है। ईरान का कहना है कि इस अधिकार को समझौते की छठी शर्त में मान्यता दी गई थी, लेकिन अब इसे नकारा जा रहा है।

इससे ईरान को यह महसूस हो रहा है कि समझौते की मूल भावना को ही कमजोर किया जा रहा है।

# SECL की लापरवाही का नया उदाहरण मजदूर की मौत ने किया उजागर

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। जिले के SECL सोहागपुर क्षेत्र की बंगवार भूमिगत कोयला खदान में मेंटेनेंस के दौरान बिजली के पोल से गिरकर एक ठेका मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा न सिर्फ एक परिवार के सहारे को छीन ले गया, बल्कि खदानों में काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी बड़े सवाल खड़े कर गया है। फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग पूरे मामले की जांच में जुटे हैं, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर कब तक मजदूरों की जान यूं ही जोखिम में डालकर काम कराया जाता रहेगा। जरूरत है कि जिम्मेदार एजेंसियां सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करें,




ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम डोंगरा टोला, पोस्ट चचाई निवासी 43 वर्षीय मोहे लाल सिंह, पिता ठुन्नू सिंह, SECL में ठेका मजदूर के रूप में कार्यरत थे। रोजाना की तरह वे बुधवार को ड्यूटी पर पहुंचे और खान प्रबंधक कार्यालय के सामने स्थित बिजली के पोल पर मेंटेनेंस कार्य करने के लिए चढ़े थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वे ऊंचाई से नीचे गिर पड़े। गिरने के कारण उनके सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई, सहकर्मियों और प्रबंधन की मदद से उन्हें तुरंत केंद्रीय चिकित्सालय बुढ़ार ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए आदित्य अस्पताल शहडोल रेफर किया गया। लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय लोगों और मजदूरों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए थे। बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के मजदूरों से काम लिया जा रहा था, जो हादसे का कारण बना। फिलहाल मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है और जांच शुरू कर दी गई है। प्रबंधन की ओर से आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, लेकिन इस हादसे ने SECL क्षेत्र में श्रमिक सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं इस मामले में धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेंद्रो का कहना है कि उन्हें इस घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

# चंदन नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई एमडी ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

**खुशबू श्रीवास्तव**

सिविल ड्रेस में ग्राहक बनकर पुलिस ने पकड़ा, 1.60 लाख की ड्रग्स जब्त शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चंदन नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से करीब 15.09 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम ने सिविल ड्रेस में ग्राहक बनकर कार्रवाई की। चंदन नगर सर्विस रोड पर संदिग्ध युवक को पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने आरोग्य अस्पताल के पीछे खाली मैदान में घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद हनीफ उर्फ सोनू खान (30) निवासी राजकुमार नगर, इंदौर बताया। पूछताछ में आरोपी ने




बताया कि वह नशे का आदी है और कम दाम में ड्रग्स खरीदकर महंगे दामों में बेचता था। साथ ही उसने यह भी कबूल किया कि वह आजाद नगर क्षेत्र से ड्रग्स लाकर यहां सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना चंदन नगर में अपराध क्रमांक 467/26 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी से ड्रग्स के नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी तिलक करोले सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# ग्राम पंचायतें हो रही आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर,जन सुविधाओं में होगी बढ़ोत्तरी

**नवल किशोर कुशवाहा**

**जनपद कटनी की 59 ग्राम पंचायतों ने गत वित्तीय सत्र में 40 लाख से अधिक कर वसूला**

कटनी । जिले की समस्त ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर, समृद्ध,आर्थिक रूप से सक्षम और सशक्त बनाने जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर ग्राम पंचायतों द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 में निहित प्रावधानों के अनुसार जल कर, स्वच्छता कर,सम्पत्ति कर,भवन अनुज्ञा एवं अन्य करों की वसूली तेजी से की जा रही है। इससे न केवल ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सशक्त होंगी बल्कि आय में वृद्धि होने से जन सुविधाओं में इजाफा होगा। जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रदीप सिंह बताते हैं कि विगत वर्ष 2025-26 में जनपद क्षेत्र की 59 ग्राम पंचायतों द्वारा सभी प्रकार के कर मिलाकर 40,11,628 रुपयों की वसूली की गई है। वही 73,36 308 रूपयों की वसूली होना शेष है। जनपद पंचायत के सीईओ श्री सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों द्वारा 23,94,398 रुपए जलकर , 53,520 स्वच्छता कर, 3,09,510 रुपए संपत्ति कर, 592,410 रुपए भवन अनुज्ञा एवं अन्य करों से 6,56,950 रुपयों की कर वसूली की जा चुकी है एवं बकाया वसूली योग्य राशि



को वसूल करने हेतु ग्राम पंचायतों को तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम वासियों से अपील की है कि ग्रामीण जन अपने ग्राम के चौमुखी विकास के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर नियमित रूप से आरोपित करों का भुगतान कर आधिकारिक रसीद प्राप्त करें। ऐसा करके आप ग्राम के विकास के सहभागी बने। जनपद सीईओ कटनी ने यह भी कहा है कि यथाशीघ्र बकाया कर वसूली हेतु ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए विशेष अभियान चलाया जाएगा,ताकि बकाया कर वसूली की जा सके।

# कांग्रेस ने किसानों के समर्थन में जोरदार धरना-प्रदर्शन

**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । किसानों की ज्वलंत समस्याओं एवं गेहूं उपार्जन में हो रही अव्यवस्थाओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कटनी में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने एकजुट होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। धरना-प्रदर्शन के पश्चात कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को तत्काल सुचारू किया जाए, समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीदी सुनिश्चित हो एवं किसानों को आर्थिक राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने कहा कि "किसान आज बेहद परेशान है, लेकिन सरकार




उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है। कांग्रेस किसानों के हक की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी।" वहीं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि "यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।"

धरना-प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे प्रियदर्शन गौर, महिला अध्यक्ष रजनी वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव, अजय जैसवानी, सौम्या राधेलिया, सेवादल अध्यक्ष मंगल सिंह, रंजीत सिंह, संजय गुप्ता, चोखे भाईजान, पंकज गौतम, गोल्डन पांडे, मनोज गुप्ता, अहमद कुरैशी, दिग्विजय सिंह, अजय कोल, नरेन्द्र राय, गणेश राव, आदित्य जैन, संदीप यादव, मुन्ना कुशवाहा, इस्तियाक अहमद, विनीत जायसवाल, विजय मंगल चौधरी, जार्ज डेविड, सुरेंद्र राणा, राजकुमार विश्वकर्मा, संदीप हांडा, श्याम यादव, विकास निगम, कल्लू दास बैरागी, दुर्गावती कोल, मीनाक्षी वाल्वी, मनीषा सिंह, माया चौधरी, कमलेश यादव, विकास पाठक, हरनाम, कमलेश चौधरी, रमाकांत दुबे, कल्पना पाठक,रश्मि अग्रवाल,रूपा तिवारी, देवीदीन गुप्ता, रमेश अहिरवार, विनोद अहिरवार, कपिल पटेल, अंशु गुप्ता, दिलदार खान, इमरान खान, अनुज सिंह, शेख नसीम, अख्तर खान, सोनू, रोहित नानवानी, अशोक शर्मा, रविंद्र सिंह बघेल, शरद द्विवेदी, अरविंद निगम, दादूराम बर्मन, दीपक पटेल, रवि दुबे, जितेन्द्र पांडे, समर सिंह, रविन्द्र कुंदरा, श्याम यादव, कृष्णकांत, गणेशराय गुप्ता, अजय गर्ग, नरेंद्र सैनी, राजेश तिवारी, जितेंद्र सिंह, गोरेलाल, शिवकुमार, अंशुल राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे। कांग्रेस ने चेतावनी देते हुए कहा यदि जल्द किसने की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# इंदौर जिले में एचपीवी टीकाकरण महाअभियान का व्यापक आयोजन

**आदित्य शर्मा**

### 300 से अधिक सत्रों में 3577 किशोरियों को लगाया गया टीका



इंदौर-संपूर्ण राष्ट्र एवं प्रदेश के साथ इंदौर जिले में भी सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एच.पी.वी. टीकाकरण महाअभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के नेतृत्व एवं जिला पंचायत सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम द्वारा यह अभियान चलाया गया। गुरुवार को जिले में 300 से अधिक टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 150 ग्रामीण एवं 150 से अधिक शहरी क्षेत्रों में सत्र संचालित हुए। इन सत्रों में 98 शासकीय एवं 139 निजी विद्यालयों सहित स्वास्थ्य संस्थानों को भी शामिल किया गया। महाअभियान के अंतर्गत कुल 3577 किशोरियों का टीकाकरण किया गया।

1000 से अधिक कार्मिकों की सक्रिय सहभागिता- अभियान में 300 से अधिक टीकाकर्मियों ने टीकाकरण कार्य संपादित किया। साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी, चिकित्सक, शिक्षा एवं महिला-बाल विकास विभाग के अधिकारी, आशा कार्यकर्ता एवं फील्ड सुपरवाइजर्स द्वारा सत्रों का सतत निरीक्षण किया गया। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जनपद सीईओ द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। कुल मिलाकर लगभग 1000 से अधिक कार्मिकों की सहभागिता से अभियान को सफल बनाया गया।

अधिकारियों ने किया सत्रों का निरीक्षण और छात्राओं से संवाद- मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने सन्मति हायर सेकंडरी स्कूल, अत्रिदेवी शासकीय कन्या विद्यालय (सुदामा नगर), संत विद्यापीठ वार्ड क्रमांक 81 एवं गरिमा स्कूल (बाणगंगा) का भ्रमण कर टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया तथा किशोरी छात्राओं से संवाद कर उन्हें जागरूक किया। इसी प्रकार अन्य विकासखंडों में भी विभिन्न अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग की गई।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम- सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) का कैंसर है, जो भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। लगभग 99.7% मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) संक्रमण होता है।

एचपीवी वैक्सीन सुरक्षित एवं प्रभावी- 2006 से अब तक 500 मिलियन से अधिक डोज़ वितरित सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह प्रमाणित अत्यंत दुर्लभ मामलों में ही एलर्जी प्रतिक्रिया देखी गई भारत में Cervarix, Gardasil, Gardasil-9 एवं Cervavac वैक्सीन उपयोग हेतु अनुमोदित हैं।

14 वर्ष की किशोरियों के लिए विशेष अभियान भारत सरकार द्वारा 14 वर्ष की आयु की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने की सिफारिश की गई है। यह वैक्सीन एकल खुराक में प्रभावी है और संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करती है। अभियान के तहत उन किशोरियों को प्राथमिकता दी जा रही है जिन्होंने अभी तक टीकाकरण नहीं कराया है।

महत्वपूर्ण तथ्य- मासिक धर्म के दौरान भी टीकाकरण सुरक्षित 80% से अधिक कवरेज से संक्रमण का सामुदायिक जोखिम कम समय पर उपचार न होने पर संक्रमण कैंसर में परिवर्तित हो सकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने महाअभियान की सफलता पर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ सहित सभी सहयोगी विभागों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म कार्ययोजना के अनुसार अभियान संचालित कर इसे सफल बनाया गया है। यह महाअभियान 10 अप्रैल 2026 को भी जारी रहेगा।

# भारतीय सनातनी संस्कृति का व्यापक प्रभाव विश्व स्तर पर समृद्धि की दिशा तय कर रहा है-डॉ भरत शर्मा



**आदित्य शर्मा**

नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर से आए भारतीय मूल के जयराज सिंह राठौड़ ने डॉ भरत शर्मा से भेट की और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सनातनी संस्कृति के प्रचार प्रसार और संवर्धन के विषय पर चर्चा की। उक्त अवसर पर डॉ भरत शर्मा ने बताया कि भारत, भारतीय और भारतीयता का सम्मान अब विश्व पटल पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ा है और भारतीय संस्कृति, भारतीय सनातन परंपराओं और ज्ञान आधार ही विश्व में शांति, कल्याण और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा और यह बात अब विश्व के सभी विद्वतजन मानने लगे है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" (संपूर्ण विश्व एक परिवार है) का मूलमंत्र ही विश्व समृद्धि की नींव रखता है। आज जब विश्व अनेक संकटों (जलवायु परिवर्तन, युद्ध, असमानता) से जूझ रहा है, यह विचार अत्यंत प्रासंगिक है। योग, आयुर्वेद, अहिंसा, संतुलन और समरसता और शांति का संदेश विश्व में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा ।

जयराज जी ने बताया की भारत के समस्त त्योहार और धार्मिक कार्यक्रम अब ऑस्ट्रेलिया में व्यापक स्तर पर मनाये जाने लगे है। गरबा, होली, दिवाली और संत समागम अब प्रायः पूरे ऑस्ट्रेलिया में हो रहे हैं जो की भारतीय संस्कृति के प्रभाव को दर्शाता है। उक्त अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रूपांश पुरोहित और अनुपम पांडे और अजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर आरटीओ एवं परिवहन उड़नदस्ता की सख्त कार्रवाई

**आदित्य शर्मा**

### चार बसों की फिटनेस निरस्त, 13 वाहनों से 70 हजार रुपये जुर्माना वसूला

इंदौर-कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार आरटीओ इंदौर एवं परिवहन उड़नदस्ता द्वारा राऊ क्षेत्र स्थित स्कूल एवं कॉलेजों के वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई तथा वाहनों का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि वाहन फिटनेस एवं परमिट शर्तों का पालन कर रहे हैं या नहीं। साथ ही फायर सेफ्टी उपकरणों एवं स्पीड गवर्नर की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई। बच्चों एवं उनके अभिभावकों से फीडबैक लेकर यह भी परखा गया कि वाहन चालक तेज गति से वाहन तो नहीं चला रहे हैं तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग तो नहीं कर रहे हैं।



जांच के दौरान एक ही कॉलेज की 4 बसें फिटनेस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाई गईं, जिनकी फिटनेस मौके पर ही निरस्त कर दी गई। इसके अतिरिक्त 1 बस बिना फिटनेस के संचालित पाई गई, जिस पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित गाइडलाइन एवं परमिट शर्तों के उल्लंघन के मामलों में कुल 13 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस कार्रवाई में आरटीओ श्री प्रदीप शर्मा, एआरटीओ सुश्री अर्चना मिश्रा, एआरटीओ श्री राजेश गुप्ता, संभागीय परिवहन उड़नदस्ता प्रभारी श्री आकाश सिटोले सहित आरटीओ एवं उड़नदस्ता स्टाफ उपस्थित रहा। आरटीओ विभाग द्वारा बताया गया है कि स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु जिले में आकस्मिक चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

सभी स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने वाहनों को पूर्ण रूप से फिट एवं दस्तावेजों को वैध रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही संचालन सुनिश्चित करें।

# शिक्षको का ऐतिहासिक प्रदर्शन मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौप ज्ञापन

**प्रदीप सिंह बघेल**

उमरिया जिले में शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर एक ऐतिहासिक और जोरदार प्रदर्शन किया। जिले भर से बड़ी संख्या में शिक्षक जिला मुख्यालय पहुंचे और अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए सड़कों पर उतर आए। यह प्रदर्शन शिक्षक स्वाभिमान रैली के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों ने टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) को रद्द करने और अपनी अन्य लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।



## शिक्षकों में दिखा उत्साह

रैली की शुरुआत शहर के प्रमुख स्थान से हुई, जहां से शिक्षक हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। पूरे मार्ग में शिक्षकों का जोश और उत्साह देखने लायक था। वे लगातार अपने अधिकारों और सम्मान की बात कर रहे थे, साथ ही सरकार से अपनी मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील कर रहे थे।

## संयुक्त अध्यापक संघ का नेतृत्व

रैली का नेतृत्व संयुक्त अध्यापक संघ द्वारा किया गया, जिसमें संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे। शिक्षकों का कहना था कि बार-बार टीईटी की अनिवार्यता उनके साथ अन्याय है और इसे तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने यह भी मांग की कि उनकी सेवा अवधि की गणना नियुक्ति दिनांक से की जाए और पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए।

## मांगें पूरी नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन

कलेक्ट्रेट पहुंचकर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने अपनी सभी मांगों का विस्तार से उल्लेख किया। ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आगे और बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## प्रशासन भी रहा सतर्क

इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, ताकि प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। शिक्षकों का यह प्रदर्शन न केवल उनकी एकजुटता को दर्शाता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को पूरी तरह तैयार हैं। कुल मिलाकर, उमरिया में आयोजित यह शिक्षक स्वाभिमान रैली एक बड़ा संदेश देती है कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े लोग अब अपनी मांगों को लेकर मुखर हो चुके हैं और जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# लोकायुक्त की कार्यवाही रिश्वत लेते महिला इंजीनियर पकड़ाई




**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल जिले में भ्रष्टाचार पर लोकायुक्त का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। एक हफ्ते के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए रीवा लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार को देवलौंद क्षेत्र के नगर परिषद खाड़ में पदस्थ महिला इंजीनियर सुधा वर्मा को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद सरकारी महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार रीवा की जेके कंस्ट्रक्शन कंपनी नगर परिषद खाड़ क्षेत्र में नाली, सड़क, स्टेडियम सहित कई निर्माण कार्य कर रही थी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कंपनी द्वारा बिल भुगतान की प्रक्रिया शुरू की गई। आरोप है कि बिल पास करने के एवज में नगर परिषद की महिला इंजीनियर सुधा वर्मा ने ठेकेदार से 20 हजार की रिश्वत की मांग की थी।

शिकायतकर्ता जेके अग्रवाल ने इसकी शिकायत रीवा लोकायुक्त से की। शिकायत की जांच के बाद लोकायुक्त टीम ने योजना बनाकर गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय में जाल बिछाया। तय योजना के तहत जैसे ही महिला इंजीनियर ने 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, लोकायुक्त की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे रंगे हाथ दबोच लिया। नगर परिषद कार्यालय के भीतर हुई इस कार्रवाई से कर्मचारियों और आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। अचानक लोकायुक्त की टीम के पहुंचने से पूरे कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कार्रवाई के बाद टीम महिला इंजीनियर को पूछताछ और आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए बाणसागर स्थित जल संसाधन विभाग के रेस्ट हाउस ले गई, जहां देर शाम तक कार्रवाई चलती रही। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की विवेचना जारी है गौरतलब है कि इससे पहले 2 अप्रैल को भी लोकायुक्त रीवा ने जयसिंहनगर थाने में पदस्थ एक सहायक उप निरीक्षक को 2 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश गया है कि रिश्वतखोरो को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगे।

# महुआ संग्रह के दौरान सावधानी बरतें, वन विभाग ने ग्रामीणों से किया अपील



**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी। मध्यप्रदेश के वन क्षेत्रों में इन दिनों महुआ (लघु वनोपज) संग्रह का मौसम शुरू हो चुका है। बड़ी संख्या में ग्रामीण आजीविका के लिए जंगलों में महुआ एकत्र करने जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने लोगों की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। वन विभाग के अनुसार, महुआ संग्रह के दौरान कई बार वन्यजीवों के साथ आमना-सामना होने की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे जनहानि का खतरा बढ़ जाता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर ऐसे जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## वन विभाग की प्रमुख सलाहें

जंगल में कभी भी अकेले न जाएं, हमेशा समूह में ही महुआ संग्रह के लिए निकलें। महुआ इकट्ठा करने के लिए जंगल में आग न जलाएं, इससे वन्यजीव भड़क सकते हैं और जंगल में आग लगने का खतरा भी रहता है।

## अंधेरा होने के बाद जंगल में न जाएं और बच्चों को साथ ले जाने से बचें

इसके अलावा विभाग ने यह भी अपील की है कि लोग शोर-शराबा न करें, सतर्क रहें और किसी भी वन्यजीव की उपस्थिति के संकेत मिलने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर लौट आएं। वन अधिकारियों ने कहा है कि सभी ग्रामीण इन निर्देशों का पालन करें ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और वन्यजीवों के साथ अनावश्यक टकराव से बचा जा सके। वन विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि कहीं वन्यजीवों की गतिविधि अधिक दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी वन कार्यालय को दें।

# सागौन तस्करों पर ढीमरखेड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई सागौन से भरी पिकप सहित आरोपी गिरफ्तार

**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने सागौन तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में लगभग 10 लाख 45 हजार रुपये मूल्य की सागौन लकड़ी बरामद की गई है। और अग्रिम कार्रवाई हेतु वन विभाग को सुपुर्द किया है आपको बता दें कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले में चोरी, नकबजनी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया तथा एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में यह सफलता प्राप्त हुई।



## घटना (कार्रवाई)का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 08 अप्रैल 2026 को रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद पिकअप वाहन में अवैध सागौन लकड़ी भरकर तस्कर पाली क्षेत्र से पिपरिया की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर झारापानी रोड पर घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला। पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने पीछा कर वाहन को ग्राम पिपरिया में एक घर के अंदर खड़ा पाया। मौके से कई तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। बरामदगी तलाशी के दौरान पिकअप (बोलोरो मैक्स) सेः 10 नग सागौन की सिल्लियां (लगभग 0.434 घनमीटर) जप्त पिकप व सागौन कुल कीमतः 10,45,000 (लगभग) बरामद की गईं। गिरफ्तारी मौके से एक आरोपीः संजय उर्फ संजू ठाकुर, निवासी पिपरिया को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य 5 आरोपी फरार हो गए। आगे की कार्रवाई पूछताछ के बाद आरोपी को वन विभाग के हवाले कर दिया गया है। रेंज ऑफिस रामपुर में वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है। पुलिस एवं वन विभाग फरार तस्करों की तलाश में जुटे हैं।

विशेष भूमिका इस कार्रवाई में पुलिस एवं वन विभाग की टीम का सराहनीय योगदान रहा, जिसमें प्रमुख रूप सेः थाना प्रभारी अभिषेक चौबे एएसआई विजेंद्र तिवारी प्रधान आरक्षक सुब्बन यादव आरक्षक पंकज सिंह, देवेंद्र अहिरवार, अजय सिंह डिप्टी रेंजर रामकुमेश मिश्रा एवं वनरक्षक दिनेश अंकित रामफल मुकेश अभिषेक वा विभाग की टीम शामिल रही। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सागौन तस्करों में हड़कंप मच गया है और पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



# एयरपोर्ट निर्माण की जगी उम्मीद लालपुर हवाई पट्टी का कलेक्टर द्वारा हुआ निरीक्षण



**प्रदीप सिंह बघेल**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शहडोल जिले के ग्राम लालपुर में प्रस्तावित एयरपोर्ट निर्माण हेतु एयरपोर्ट प्राधिकृत अधिकारियों के साथ हवाई पट्टी लालपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एयरपोर्ट के प्राधिकृत अधिकारियों से भूमि विवरण, रनवे की लंबाई चौड़ाई, हवाई पट्टी की स्थिति बाउंड्रीवाल की लंबाई, चौड़ाई सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया । इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, सहायक महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री प्रीतिश यादव, श्री गौरव मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक (सी. एन. एस), श्री सचिन भाटी, प्रबंधक (ए. टी. सी) श्री प्रमोद वैकुंठराव खरोड़े, प्रबंधक (अग्निशमन) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हत्या के केस में फर्जी गवाह बनाने का आरोप, दरोगा सुनील राजपूत के खिलाफ कोर्ट में परिवाद पत्र पेश

**ऋषि गोस्वामी**



शिवपुरी। हत्या के एक पुराने मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। गवाह इसरार मोहम्मद ने तत्कालीन थाना प्रभारी सुभाषपुरा एवं वर्तमान थाना प्रभारी सतनवाडा सुनील सिंह राजपूत के खिलाफ न्यायालय में परिवाद पत्र प्रस्तुत किया है।

क्या है पूरा मामला-प्रकरण के अनुसार, 22-12-2022 की दरम्यानी रात ग्राम करसेना निवासी राकेश जाटव की अज्ञात बदमाशों द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र सूरज जाटव की रिपोर्ट पर 23-12-2022 को थाना सुभाषपुरा में धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें मुकेश जाटव एवं संजय जाटव को संदेही बनाया गया था।

विवेचना पर उठे सवाल- आरोप है कि विवेचना के दौरान तत्कालीन थाना प्रभारी ने पहले नामजद संदेहियों को मामले से अलग कर दिया और मृतक के जीजा रामसेवक जाटव को आरोपी बना दिया। इसी दौरान इसरार मोहम्मद को फर्जी गवाह के रूप में तैयार किया गया।

कोरे कागज पर कराए हस्ताक्षर- गवाह का आरोप है कि उससे कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए गए, जबकि उसे मामले की कोई जानकारी नहीं थी। बाद में उसी आधार पर उसे गवाह बनाया गया।

गवाही के लिए बनाया दबाव- जुलाई 2025 में गवाह को थाना से फोन कर कोर्ट में गवाही देने के लिए बुलाया गया, लेकिन उसने मना कर दिया। इसके बाद 11 सितंबर 2025 को पोहरी चौराहे पर थाना प्रभारी सुनील सिंह राजपूत द्वारा उसे गवाही देने के लिए दबाव बनाया गया।

धमकी देने का आरोप- गवाह के अनुसार, मना करने पर दरोगा द्वारा उसे झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी गई।

उच्च अधिकारियों से शिकायत-डर के चलते गवाह ने 13 सितंबर 2025 को पुलिस महानिदेशक भोपाल एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को डाक के माध्यम से शिकायत भेजी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कोर्ट में सच्चाई रखी- बाद में गवाह ने न्यायालय में उपस्थित होकर अपने अनुसार सही गवाही दी और पूरे मामले की जानकारी दी।

न्यायालय में परिवाद दर्ज- अब गवाह इसरार मोहम्मद ने संबंधित थाना प्रभारियों के खिलाफ साक्ष्य गढ़ने, धमकी देने और झूठी गवाही के लिए दबाव बनाने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 229, 230, 231, 232, 233 के तहत जेएमएफसी शिवपुरी में परिवाद प्रस्तुत किया है, जो प्रकरण क्रमांक 234/26 के रूप में दर्ज किया गया है।

# किसान हित में निरंतर कार्य-यही भाजपा सरकार की पहचान

**आदित्य शर्मा**

हर खरीदी केंद्र पर भाजपा ने नियुक्त किए प्रभारी इंदौर स्थित लक्ष्मीबाई नगर मंडी में गेहूं उपार्जन के प्रथम दिवस का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश के किसान हितैषी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार तथा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के मार्गदर्शन में मंडी उपार्जन केंद्र पहुंचकर अन्नदाता किसान भाइयों का तिलक, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि, सम्मान एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु निरंतर ऐतिहासिक एवं प्रभावी निर्णय ले रही है। गेहूं उपार्जन की सुचारू एवं पारदर्शी व्यवस्था, समयबद्ध भुगतान और बेहतर प्रबंधन सरकार की किसान कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर किसानों के सम्मान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भारतीय जनता पार्टी सदैव अन्नदाता के हितों की रक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में भारतीय



जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा राऊ विधायक मधु वर्मा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विशाल पाठक सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। किसानों ने भी उपार्जन व्यवस्था एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा ने बताया कि जिले के 90केंद्रों पर प्रभारी नियुक्त किए हे जो किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर उनके सहयोग के लिए तैयार रहेंगे।

## 70 वर्षीया वृद्धा के निधन पर परिवार ने किया देहदान राजकीय सम्मान 'गार्ड ऑफ ऑनर' के साथ दी गई अंतिम विदाई

**नवल किशोर कुशवाहा**

कटनी । कटनी के शिवनगर, वार्ड नंबर 4 की निवासी कलाबाई कुशवाहा के परिजनों ने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। 70 वर्षीया कलाबाई का गुरुवार सुबह वृद्धावस्था जनित बीमारियों के कारण निधन हो गया, जिसके बाद उनके परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज जबलपुर को दान करने का निर्णय लिया शोक की इस घड़ी में धैर्य रखते हुए उनके पति कोदूलाल कुशवाहा और उनके परिवार ने अपने आध्यात्मिक गुरु संत रामपाल महाराज की प्रेरणा से देहदान का संकल्प लिया। परिजनों का कहना है कि इस दान से चिकित्सा क्षेत्र के छात्रों को शोध में मदद मिलेगी, जो अंततः मानवता के ही काम आएगा।

पुलिस ने दिया 'गार्ड ऑफ ऑनर'- सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने बताया कि चिकित्सकीय प्रमाणीकरण और आवश्यक औपचारिकताओं के पूर्ण होने के बाद, प्रशासन द्वारा पार्थिव देह को सम्मानपूर्वक विदा किया गया। पुलिस विभाग की ओर से स्वर्गीय कलाबाई को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया, जिसके बाद नम आंखों से पार्थिव शरीर को जबलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया।

कलेक्टर ने की सराहना-कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने कुशवाहा परिवार के इस "स्तुत्य दान" की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। उन्होंने अन्य नागरिकों से भी इस नेक कार्य से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। देहदान के इस पावन कार्य को संपन्न कराने में गोपाल पंत, सत्येन्द्र हल्दकार, सूरज हल्दकार और प्रशांत कुशवाहा की सक्रिय भूमिका रही।

## श्री गुरु अर्जन देव महाराज जी के प्रकाश पर्व पर हुए समागम

इंदौर में Guru Arjan Dev जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा विष्णुपुरी कमेटी द्वारा सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया जाना केवल एक स्वागत नहीं, बल्कि सिख पंथ की आन-बान-शान, सेवा और सम्मान की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर संगत में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का भव्य शुभारंभ विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने फीता काटकर किया मेले का आगाज़






### सांदीपनी महाविद्यालय परिसर में उमड़ी विद्यार्थियों और पालकों की भीड़ रियायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री मिलने से अभिभावकों को मिली आर्थिक राहत

**दिलीप पाटीदार**

धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में आज धार जिले के सांदीपनी महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया। मेले में गणवेश का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती नीना वर्मा रहीं, जिन्होंने फीता काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार सिंह मेढ़ा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा बोडाने सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का सूक्ष्म अवलोकन किया और वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं व व्यवस्थाओं की सराहना की।

#### अभिभावकों और विद्यार्थियों में भारी उत्साह

मेले के पहले ही दिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक शैक्षणिक सामग्री खरीदने पहुँचे। बाजार से कम और रियायती दरों पर पुस्तकें व गणवेश उपलब्ध होने के कारण लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। अभिभावकों ने शासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि एक ही स्थान पर कम कीमतों में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री मिलने से उन्हें बड़ी आर्थिक राहत मिली है।

#### विक्रेताओं ने जताया सकारात्मक रुख

मेले में स्टॉल लगाने वाले व्यापारियों और पुस्तक विक्रेताओं ने भी आयोजन के प्रति सकारात्मक रुख दिखाया। विक्रेताओं के अनुसार, शुभारंभ के साथ ही उन्हें ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिला है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के इस साझा मंच से उन्हें अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक सीधे पहुँचने का अवसर प्राप्त हुआ है।

#### शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रयास

उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप विद्यार्थियों को सुलभ और सस्ती शिक्षा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इस प्रकार के मेलों से न केवल पालकों की परेशानी कम होती है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक वातावरण और जागरूकता का संचार होता है। यह मेला आगामी 10 अप्रैल 2026 तक सांदीपनी महाविद्यालय परिसर में जारी रहेगा, जहाँ नागरिक अपनी आवश्यकतानुसार सामग्री का क्रय कर सकेंगे।

# मौत पर भी मुनाफा?

## इंदौर में श्मशान व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

इंदौर। शहर की नगर निगम व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इस बार मामला और भी संवेदनशील है-आरोप है कि श्मशान घाटों पर अंतिम संस्कार में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी तक में कथित रूप से कमीशनखोरी हो रही है। विपक्षी नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नगर निगम को निशाने पर लेते हुए इसे "भ्रष्टाचार में नवाचार" बताया है।

उनका आरोप है कि जहां एक ओर आम नागरिक अपने परिजन के निधन के । दुख में डूबा होता है, वहीं दूसरी ओर श्मशान घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाओं-खासतौर पर चिता की लकड़ी-में भी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इंदौर नगर निगम, जिसे कभी स्वच्छता के लिए देशभर में सराहा गया, अब कथित वित्तीय गड़बड़ियों को लेकर चर्चा में है। आरोपों के मुताबिक लकड़ी की दरों में पारदर्शिता नहीं है और आपूर्ति से जुड़े सिस्टम में दलाली की गुंजाइश बनी हुई है। मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। विपक्ष ने सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी और राज्य सरकार को घेरा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की जा रही है। हालांकि अभी तक नगर निगम या संबंधित अधिकारियों की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि ये आरोप सही साबित होते हैं, तो यह न सिर्फ प्रशासनिक विफलता मानी जाएगी, बल्कि मानवीय संवेदनाओं पर भी गहरी चोट होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि श्मशान जैसी संवेदनशील जगहों पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि दुःख की घड़ी में आम लोगों का शोषण न हो। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले की जांच कर ठोस कार्रवाई करता है या यह मुद्दा भी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रह जाता है।

# रेलवे स्टेशनों से विज्ञापन में कमाई

## रतलाम मंडल को सालाना करोड़ों की आय

इंदौर। पश्चिम रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने जानकारी दी है कि इंदौर क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विज्ञापन से रेलवे को सालाना बड़ी आय हो रही है। सूचना के अधिकार (RTI) के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर रेलवे स्टेशन से करीब 98.29 लाख रुपए, लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से 76,657 रुपए और डॉ अंबेडकर नगर (महू) रेलवे स्टेशन से 44,500 रुपए की आय जनवरी 2025 से 1 जनवरी 2026 के बीच हुई है। इस तरह इन स्टेशनों पर लगे विज्ञापन बोर्ड और फ्लेक्स से कुल मिलाकर करीब 2 करोड़ रुपए सालाना की आय रतलाम रेल मंडल को प्राप्त हो रही है। वर्मा ने बताया कि यह आय रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत बनती जा रही है और भविष्य में इसे और बढ़ाने की संभावनाएं भी हैं।




# दुनिया फिर युद्ध के मुहाने पर: होर्मुज में बिछाई गई बारूदी सुरंगें ! नक्शों में जहाजों के लिए दिखाए "डेंजर ज़ोन"



अमेरिका और ईरान के बीच हुए दो हफ्ते के युद्धविराम के बावजूद मिडिल ईस्ट में हालात अभी भी पूरी तरह शांत नहीं हुए हैं। नई रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के अर्ध-सरकारी मीडिया ने ऐसे नक्शे जारी किए हैं, जिनसे संकेत मिलता है कि Strait of Hormuz में समुद्री बारूदी सुरंगें बिछाई गई हो सकती हैं।इन नक्शों में जहाजों के लिए "डेंजर ज़ोन" दिखाया गया है, जहां पहले से तय रास्ते से गुजरना जोखिम भरा बताया गया है। इसके चलते कुछ जहाज ईरान के तट के पास वैकल्पिक रास्तों से गुजरते देखे गए। हालांकि यह साफ नहीं है कि ये सुरंगें अभी भी मौजूद हैं या हटा दी गई हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति Donald Trump ने कड़ी चेतावनी दी है कि जब तक समझौते की सभी शर्तें पूरी नहीं होतीं, तब तक अमेरिकी सेना क्षेत्र में बनी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता टूटा, तो पहले से ज्यादा बड़ा हमला हो सकता है। स्थिति को और जटिल बनाते हुए, लेबनान में इजराइल और Hezbollah के बीच लड़ाई जारी है। हाल के हमलों में कई लोगों की मौत हुई है, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने भी अमेरिका पर आरोप लगाया है कि उसने समझौते की कुछ शर्तों का उल्लंघन किया है। वहीं अमेरिका और इजराइल का कहना है कि लेबनान में हो रही कार्रवाई इस सीजफायर का हिस्सा नहीं है। कुल मिलाकर, यह सीजफायर अभी बहुत नाजुक स्थिति में है। शांति की कोशिशें जारी हैं, लेकिन जमीनी हालात को देखते हुए तनाव कभी भी फिर से बढ़ सकता है।

# 7 वरिष्ठ IPS अधिकारियों को संभागों का प्रभार,वरुण कपूर को भोपाल, उपेन्द्र जैन को उज्जैन की जिम्मेदारी

मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग ने कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को विभिन्न संभागों का प्रभार सौंपा है। यह आदेश मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद जारी किया गया। गृह विभाग के अनुसार, यह व्यवस्था संभाग स्तर पर कानून-व्यवस्था की बेहतर मॉनिटरिंग, पुलिस कार्यों की प्रभावी समीक्षा और समन्वय को मजबूत करने के लिए की गई है।

जारी आदेश के अनुसार भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के निम्न अधिकारियों को उनके नाम के सामने दर्शाए गए संभागों का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसमें 1991 बैच के आईपीएस और महानिदेशक जेल वरुण कपूर को भोपाल संभाग, इसी बैच के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के महानिदेशक उपेंद्र कुमार जैन को उज्जैन संभाग, 1992 बैच के आईएएस और




विशेष पुलिस महानिदेशक जेल जी अखेतो सेमा को चंबल संभाग, विशेष पुलिस महानिदेशक सीआईडी और विशेष पुलिस महानिदेशक सतर्कता 1993 बैच के आईपीएस पंकज कुमार श्रीवास्तव को जबलपुर संभाग, 1994 बैच के आईपीएस और विशेष पुलिस महानिदेशक रेल अनंत कुमार सिंह को सागर संभाग और इसी बैच के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह को शहडोल संभाग का प्रभारी बनाया गया है। ,

### पिछले आदेश के अनुसार

1991 बैच की आईपीएस प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव को ग्वालियर संभाग, 1993 बैच के आईपीएस अनिल कुमार को रीवा संभाग और 1992 बैच के आईपीएस आदर्श कटियार को इंदौर संभाग का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया था। यह आदेश यथावत रहेंगे।

# चेतावनी के बाद भी अग्नि सुरक्षा के प्रबंध नहीं करने वालों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई

**आदित्य शर्मा**

## जूनी इंदौर एवं मल्हारगंज क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रतिष्ठानों को किया सील बिचौलीहप्सी क्षेत्र में एक आलीशान होटल सील-जिला प्रशासन की सघन जाँच जारी







इंदौर। अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आज जूनी इंदौर एवं मल्हारगंज अनुभाग क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कार्रवाई की गई। विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध नहीं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों को सील किया गया। जूनी इंदौर अनुभाग में एसडीएम श्री घनश्याम धनगर के नेतृत्व में जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम के संयुक्त दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भंवरकुआँ स्थित मारुति सुजुकी एरिना शोरूम, सुकून सिग्नेचर होटल, भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित लाइब्रेरी एवं जिम सहित टावर चौराहा स्थित विनर्स कोचिंग क्लास, रेमंड शोरूम एवं अन्य दुकानों की जाँच की गई।

इसी क्रम में गीता भवन स्थित तुलसी टावर की दुकानों, टैरेस पर संचालित कैफे एवं टर्फ, नेक्सा मारुति शोरूम तथा इंडस्ट्री हाउस चौराहा स्थित महिदपुर वाला फर्नीचर एवं अन्य संस्थानों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध नहीं पाए जाने पर उन्हें सील करने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार श्री राकेश सस्तिया, अपर तहसीलदार श्री कमलेश कुशवाह, नायब तहसीलदार श्री धीरेश सोनी, संबंधित पटवारीगण, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा नगर निगम के श्री गितेश तिवारी, श्री आनंद रैदास, भवन अधिकारी श्री सत्येंद्र राजपूत, सुश्री टीना सिसौदिया एवं भवन निरीक्षक श्री विनोद मिश्रा उपस्थित रहे। इसी प्रकार कलेक्टर के निर्देशानुसार मल्हारगंज अनुभाग क्षेत्र में भी सघन जाँच अभियान चलाया गया। नवल सेक्टर-सी मल्हारगंज स्थित टूल्स प्राइवेट लिमिटेड में फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं होने के कारण प्रतिष्ठान को सील किया गया।

राज मोहल्ला, जवाहर मार्ग स्थित होटल वर्ल्ड में भी अग्नि सुरक्षा के अभाव में कार्रवाई की गई। वहीं स्कीम क्रमांक-54 स्थित सुपरनाय बिल्डिंग के बेसमेंट में स्टोर के स्थान पर संचालित अमृत भोग कैफे में अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं पाए जाने पर उसे भी सील किया गया। यह कार्रवाई मल्हारगंज तहसीलदार श्री नारायण नांदेडा, नायब तहसीलदार श्री ओंकार मनाने, भवन अधिकारी श्री सत्येंद्र राजपूत एवं भवन निरीक्षक श्रीमती टीना सिसोदिया की उपस्थिति में संपन्न हुई।

इसी तरह एसडीएम श्री अजय भूषण शुक्ल के द्वारा राजस्व अमले के साथ बिचौलीहप्सी क्षेत्रांतर्गत ग्राम उमरीखेड़ा में होटल मेगनेट में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की कमी और लापरवाही पाई जाने के कारण होटल को सील करने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार श्री देवेन्द्र कछवाहा, पटवारी श्री राहुल सिंह, श्री शैलेंद्र सिंह, श्री अवनीश मिश्रा, श्री नितिन अटोड़े शामिल थे। उक्त कार्रवाई होटल मालिक गणेश राठौर की उपस्थिति में की गई। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है तथा अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# उपभोक्ता शिकायत पर न्यू पलासिया क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

**आदित्य शर्मा**

### बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार पाए जाने पर प्रकरण तैयार



इंदौर। खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर द्वारा 311 ऐप पर प्राप्त उपभोक्ता शिकायत के आधार पर न्यू पलासिया स्थित Creme Roasting LLP (Hopin Patio Cafe) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर फर्म के पार्टनर श्री तर्ष लखवानी उपस्थित पाए गए। जांच के दौरान प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार के लिए वैध खाद्य पंजीयन (Food Registration) उपलब्ध नहीं पाया गया। मौके से पनीर, दही, चावल, राजमा एवं edible ice के कुल 05 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। प्रथम दृष्टया बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालित किया जाना पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध प्रकरण तैयार किया गया है। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

इसी क्रम में एक अन्य रूटीन जांच कार्रवाई के तहत न्यू पलासिया स्थित दाल बाटी सुरमा (Delish Foods and Company) का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के पार्टनर श्री नवल परिहार की उपस्थिति में दही, तुअर दाल, चावल एवं बाफले का आटा के कुल 04 नमूने जांच हेतु लिए गए। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने खाद्य कारोबार संचालकों से अपील की है कि वे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन करते हुए वैध लाइसेंस/पंजीयन के साथ ही खाद्य कारोबार संचालित करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ता शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच जारी रखी जाए।



# देहबुद्धि से आत्मबुद्धि में स्थित होने की प्रक्रिया है सहजयोग

'भगवद्गीता'परमपूज्य श्री माताजी प्रणित सहजयोग अपने जीवन को सर्वांगसुंदर बनानेवाला एक अनुभुतिजन्य ध्यानाविष्कार है, जिसे विश्व का कोई भी व्यक्ति, जो अध्यात्मिकता की खोज कर रहा हो, अपने अराध्य को पाने के लिये धर्मग्रंथों का पठन कर रहा हो, मंदिरों में जाकर विविध प्रकार की पूजायें अर्पित कर रहा हो, उसे यह योग प्राप्त होता है । सहज योग एक 'सत्ययोग' है , इसलिये सभी सत्य के साधक जो 'परम' को पाना चाहते हैं, और उस परम को पाने की ललक में तीर्थयात्रायें कर रहे हैं, व्रतवैकल्यों का अनुसरण कर रहे हैं उन्हें अपनी अंतरात्मा से पूछना पड़ेगा कि, क्या मुझे अंतरंग परमात्मा के परमानंद की अनुभूति प्राप्त हुई ? अगर आपका उत्तर सकारात्मक है, तो उपरोक्त श्लोक मे वर्णित कूर्म जैसे आप अपने पंच ज्ञानेंद्रीयों को अंतरात्मा में स्थापित कर, बाहर की सभी नकारात्मकता से स्वयं को बचाकर, निरानंद का आनंद उठा पा रहे हैं? यदि नहीं तो सहजयोग आपकी राह देख रहा है । परमपूज्य श्री माताजी कहते हैं कि, आप आत्मा को पाये बगैर परमात्मा को प्राप्त नहीं कर सकते । और अपने हृदयस्थित आत्मा को पाने के लिये आपको हृदय में विनम्रता का भाव धारण कर श्री आदी शक्ति से अपना आत्मसाक्षात्कार माँगना होगा, जब आपका योग घटित होगा तब आपके पिंड में स्थित कुंडलिनी माता उर्ध्वगामी होकर आपके सहस्त्रार का भेदन कर ,आपको शीतल चैतन्य लहरियों का स्नान करा देगी । और इस आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद जिस प्रकार आप आईने में अपने मुखमंडल का अवलोकन करते हैं उसी प्रकार आप अपने आत्मारूपी आईने से अपने अंतरंग को मलीन करने वाले षड् रिपुओं को देख सकेंगे । जब आप आपने अंदर के दोषों को देख सकेंगे तो पूरी इमानदारी से उसे धोने की कोशिश करेंगे और इसके उपरांत आप एक बच्चे जैसे बन जायेंगें, बच्चों में अपने पराए का भाव नहीं होता, वे सभी को अपना समझते हैं, उसी प्रकार की अबोधिता एक आत्मसाक्षात्कार प्राप्त साधक में होनी चाहिये। श्री माताजी कहते हैं कि, भगवान श्रीकृष्ण हमारे विशुद्धि चक्र पर विराजमान हैं, नियमित ध्यान से जब हमारा विशुद्धि चक्र स्वच्छ होता है, तो वह चक्र हमे वाणी मधुरता, सामुहिकता, साक्षीभाव प्रदान करता है । श्रीकृष्ण हमें अनेक शक्तियों से आशीर्वादित करते हैं। ध्यान करने वाले समूह के सहस्त्रार से उत्सर्जित सामूहिक चैतन्य लहरियों से अपने व्यक्तिगत, सामाजिक ही नहीं वैश्विक प्रश्न भी हल किये जा सकते हैं ।



श्रीकृष्ण की इसी शक्ति के कारण हम सभी सत्य के साधकों तक अपनी वाणी, लेखनी और ध्यान के माध्यम से पहुँच सकते हैं और उन्हें उनके जीवन का महानतम उपहार अर्थात आत्मसाक्षात्कार प्रदान कर सकते हैं। उपरोक्त वर्णित भगवद्गीतासे लिया गया जो श्लोक है उसका अर्थ यह है कि जिस प्रकार कूर्म ('कासव') जब उसके उपर कोई संकट आता है तो अपने अवयव कवच के अंदर खींच लेता है और अपने आपको बचाता है , उसी प्रकार आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति नकारात्मकता से खुद को बचा सकता है। वह तत्क्षण देह बुद्धि से आत्मबुद्धि में स्थित हो जाता है, भगवान के साम्राज्य में चला जाता है, जहाँ कोई भी विनाशकारी शक्ति उसका बाल भी बांका नहीं कर सकती । यह श्रीकृष्ण की शक्ति का सबसे बड़ा आशीर्वाद है, जिसे प्रत्येक साधक प्राप्त कर सकता है। तो आइये सहजयोग सीखते हैं। सहजयोग की जानकारी टोल फ्री 18002700800 से तथा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।